हरियाणा सरकार

नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग

अधिसूचना

दिनांक 11 फरवरी, 2004

संख्या सी.सी.पी.(एन.सी.आर.)/एफ.डी.पी./एस.सी.ए.-I/2004/419.— पंजाब अनुसूचित सड़क तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम 1963 (1963 का पंजाब अधिनियम 41), की धारा 5 की उपधारा (7) द्वारा प्रदान की गई शक्तियों तथा इस निमित्त उन्हें समर्थ बनाने वाली सभी अन्य शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा हरियाणा सरकार, निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग अधिसूचना संख्या सीसीपी (एनसीआर)/एसआरसीए-1/2001/1357, दिनांक 12 अक्तूबर, 2001 के प्रति निर्देश हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, हरियाणा सरकार, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग अधिसूचना संख्या 3870-2 टीसीपी -76/31809, दिनांक 22 सितम्बर, 1976 तथा 10 डीपी-82/932, दिनांक 20 जनवरी, 1982, द्वारा घोषित किये गये नियंत्रित क्षेत्रों के लिए अंतिम विकास योजना को नियंत्रित क्षेत्र सिरसा पर लागू किये जाने के लिए प्रस्तावित अनुबन्ध क तथा ख में दिये गये निर्बन्धनों तथा शर्तों सहित प्रकाशित करते हैं ।

ड्राईंग

1. विद्यमान भूमि उपयोग विकास योजना ड्राईंग संख्या डीटीपी (एसआर) 13/76-ए दिनांक 25 नवम्बर, 1976/82 जो हरियाणा सरकार की अधिसूचना संख्या सीसीपी (एनसीआर) /एसआरसीए-1/2001/1357, दिनांक 12 अक्तूबर, 2001 द्वारा पहले ही हरियाणा सरकार राजपत्र दिनांक 6 नवम्बर, 2001 में प्रकाशित हो चुकी है ।
2. अंतिम विकास योजना ड्राईंग संख्या डीटीपी (एसआर) 626/03 दिनांक 11 अगस्त, 2003.

अनुबन्ध क

नियंत्रित क्षेत्र सिरसा के लिए अंतिम विकास योजना-2021 ई0 व्याख्यात्मक टिप्पणी

1. प्रस्तावना

1.1 ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

सिरसा नगर जिला सिरसा का मुख्यालय है इस नगर का इतिहास बताता है कि सिरसा नगर कैप्टन थाम्बी द्वारा ग्रीडआइरन पैटर्न के आधार पर बसाया गया है ।

वर्ष 1858 में, सिरसा जिला भटिण्डा जिला में सम्मिलित हुआ था तथा यह प्रबन्ध वर्ष 1889 तक चालू रहा । बाद में इस जिले का क्षेत्र हिसार जिले में मिला दिया । वर्ष 1975 में वर्तमान सिरसा जिला अस्तित्व में आया ।

1.2 नगर की स्थिति तथा इसकी पूर्व पृष्ठभूमि

सिरसा नगर राष्ट्रीय राजमार्ग न0-10 (दिल्ली-हिसार-सुलेमानकी सड़क) पर पड़ता है । केवल सिरसा ही एक महत्वपूर्ण नगर है जो कि हरियाणा राज्य के सुदूर पश्चिम में स्थित है । सिरसा की सड़क मार्ग द्वारा अन्य निकटतम जिला मुख्यालयों से मुख्यतः फतेहाबाद (हरियाणा) मानसा तथा भटिण्डा (पंजाब) तथा श्री गंगानगर (राजस्थान) से दूरी कमशः 41 कि0मी0, 55 कि0मी0, 100 कि0मी0 और 190 कि0मी0 है । इसकी पूर्व पृष्ठभूमि अनुसार भाखड़ा नहर योजना आने से पूर्व इसकी भूमि एक गहरे रेगिस्तान के रूप में थी जो कि अब हरियाणा की " कपास उपजाऊ पट्टी " बन गया है । हाल ही दिसम्बर, 1994 में रेलवे की ब्राड गेज लाईन बिछने से इस नगर की महत्ता और भी बढ़ गई है । जैसा कि अब यह नगर राष्ट्रीय स्तर पर ब्राड गेज रेलवे लाईन के नेट वर्क पर आ गया है ।

1.3 जनसंख्या विकास और संरचना

सिरसा नगर अच्छी उपजाऊ भूमि से घिरा हुआ है । नगर की प्रगति 1960 के दशक के पहले चरण में धीमी थी । जिला मुख्यालय उन्नत होने से इसकी प्रगति में विचारणीय बढ़ोतरी हुई । वर्ष 1981 में सिरसा नगर की आबादी 89048 थी, 1991 में 112841 तथा 2001 में यह 1,60,129 थी । नीचे दिये गये आंकड़ों से पता चलता है कि 1971 से 1981 तक 10 साल में 82.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई । लेकिन वर्ष 1981 से 1991 में यह कम होकर 26.71 प्रतिशत रह गई । आबादी के आंकड़ों से पता चलता है कि नगर का विस्तार 5.18 वर्ग कि0मी0 1971 से बढ़कर 19.33 वर्ग कि0मी0 1981 में हो गया ।

वर्ष	नगर की कुल आबादी	विकास दर
1901	15800	--
1911	14629	-7.41 प्रतिशत
1921	15241	+4.18 प्रतिशत

1931	18909	+24.07 प्रतिशत
1941	20718	+ 9.56 प्रतिशत
1951	24980	+20.57 प्रतिशत
1961	33263	+33.16 प्रतिशत
1971	48808	+46.73 प्रतिशत
1981	89048	+82.4 प्रतिशत
1991	112841	+26.71 प्रतिशत
2001	160129	+41.91 प्रतिशत

इस नगर की कुल आबादी का 30 प्रतिशत कामगार बल है । कामगार तथा अकामगार का अनुपात निकट भविष्य में बराबर रहने की आशा है ।

1.4 वर्तमान अवस्थापना

1.4.1 शैक्षणिक

सिरसा नगर शिक्षा क्षेत्र में भी अग्रिम है जिसमें एक विश्वविधालय, दो महाविद्यालय, दो बहुतकनीकी तथा दो तकनीकी संस्थायें, छः उच्च/उच्चतर/वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल हैं । ये संस्थायें शहर के लिए ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए भी पर्याप्त हैं ।

1.4.2 चिकित्सा/स्वास्थ्य

यहां 125 बिस्तरों का राज्य सरकार द्वारा संचालित सिविल अस्पताल है । सिविल अस्पताल के अतिरिक्त 180 बिस्तरों के 30 प्राईवेट नर्सिंग होम हैं जो कि नगर तथा इसके इर्द गिर्द के क्षेत्र के लिए पर्याप्त हैं ।

1.4.3 वाणिज्यिक

सिरसा नगर व्यापार और वाणिज्य का अर्न्तराज्य क्षेत्र के लिये महत्वपूर्ण केन्द्र है । यह पूरे राज्य में आय एवं आवक के सम्बन्ध में बडी मन्डी है । यह देश की मुख्य कपास मण्डी में से एक है । अच्छी किस्म की रूई तथा धागा उद्योग दूसरे राज्यों गुजरात तथा महाराष्ट्र को प्रदान करती है ।

1.4.4 कृषि सैक्टर

कृषि सैक्टर में यह नगर परम्परागत तथा आधुनिक यन्त्र प्रदान कर रहा है जो कि यहां बनाये जाते हैं । किसानों की भलाई के लिये शैक्षणिक तथा ट्रेनिंग संबंधी प्रोग्राम कृषि तथा मछली विभाग द्वारा चलाये जा रहे हैं । भारतीय कॉटन निगम का स्टेट लेवल मुख्यालय सिरसा में हैं जो कि क्षेत्र में फसलों के विपणन की आवश्यकतायें पूरी करता है ।

1.4.5 औद्योगिक सैक्टर

हालांकि औद्योगिक क्षेत्र द्वारा व्यापार तथा वाणिज्य क्षेत्र के मुकाबले वर्ष 1981 तक कोई मुख्य प्रगति नहीं की । लेकिन औद्योगिक धन्धे की बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी पिछले कुछ वर्षो से हुई है । यह तथ्यों से स्पष्ट है कि केवल एक बड़ी औद्योगिक इकाई " गोपी चन्द टैक्सटाईल मिल" 1981 में थी । 1991 में इस प्रकार की चार इकाईयां हो गई जो दिसम्बर, 1994 में 8 हो गई । इसी प्रकार 1981 में पंजीकृत लघु तथा कुटीर औद्योगिक इकाईयों की संख्या 60 थी जो दिसम्बर 1991 में 1939 तक पहुंच गई । इसके अतिरिक्त वर्ष 1981 तक केवल 50 प्रतिशत कामगार केवल एक बड़ी औद्योगिक इकाई में थे लेकिन वर्ष 1994 में मुख्य 8 इकाईयों में नियोजित औद्योगिक कर्मकारों की क्षमता 40 प्रतिशत थी । इस प्रकार उद्योग मुख्य वित्तीय विकास के लिए भविष्य में अतिरिक्त व्यापार तथा वाणिज्यक साधन बन जायेंगे । नगर को कर्मकार एवं आर्थिक आधार प्रदान करने के लिए बड़े उद्योगों की बजाय लघु इकाईयां बेहतर कार्य करेंगी ।

1.4.6 परिवहन

सिरसा नगर राष्ट्रीय राजमार्ग न0-10 पर स्थित है तथा इर्द गिर्द से राज्य मार्ग तथा जिला सडकों सेअच्छी तरह जुड़ा हुआ है । यह नगर देश की ब्राड गेज लाईन से भी भली भांति जुड़ा हुआ है ।

1.4.7 संचार

इस नगर में एक आटोमैटिक दूर संचार केन्द्र की व्यवस्था है जो कि हरियाणा राज्य का पहला आटोमैटिक दूर संचार केन्द्र था । दूसरा विद्युत दूर संचार केन्द्र जो दस हजार लाईनों की क्षमता के साथ पहले ही स्थापित किया जा रहा है । यह नगर अन्य मुख्य बड़े शहरों से एस.टी.डी./आई.एस.डी. तथा मोबाईल सुविधाओं से जुड़ा हुआ है । नगर में पर्याप्त मात्रा में डाक तथा तार , टैलीप्रिन्टर तथा फैक्स सुविधायें भी उपलब्ध हैं ।

1.4.8 जल सप्लाई

यहां जमीनी पीने के पानी की कमी है क्योंकि जमीनी पानी खारा है । वर्तमान पानी सप्लाई मुख्यतया नहर सिस्टम पर निर्भर है । डबवाली रोड पर 23 हैक्टेयर के क्षेत्र में एक बड़ा जलघर है इसमें चार अस्वच्छ पानी के टैंक हैं, जिनकी कुल क्षमता 5.5 करोड़ गैलन है। एक अन्य जलघर बरनाला सड़क पर मिनी सचिवालय कम्पलैक्स के पास बना हुआ है जिसकी भण्डारण क्षमता 1.09 करोड़ गैलन है तथा स्वच्छ जल की भण्डारण क्षमता 2.10 लाख गैलनज है । यह दो जलघर 25 से 30 गैलन प्रतिदिन प्रति व्यक्ति की दर से नगर की

जनसंख्या को पूर्ति कर कर रहे हैं, परन्तु यह वितरण प्रणाली पर्याप्त नहीं है । जैसा कि जल वितरण की क्षमता 40 गैलन प्रति व्यक्ति प्रतिदिन चाहिए । इस प्रकार जल सप्लाई प्रणाली में अतिरिक्त जल संकर्म के द्वारा वृद्धि की आवश्यकता है ।

1.4.9 जलमल तथा वर्षा का पानी की निकासी योजना

हालांकि नगर की वर्तमान आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिये गांव केलनिया की सड़क पर मौजूदा डिस्पोजल वर्कस बना हुआ है लेकिन इसकी क्षमता में बढ़ोतरी की आवश्यकता है । नगर में बरसाती पानी के निकासी का कोई प्रावधान नहीं है । पूर्व में स्थानीय तालाब बरसाती पानी जमा करने में प्रयोग किये जाते थे, लेकिन अब इन स्थलों का साईज आसपास निर्माण होने के कारण कम हो गया है अत: फिर भी बाढ़ आने की कोई स्थिति नहीं ।

1.5 विद्यमान भौतिक चिन्ह

सिरसा तथा भम्भुर माईनर सिंचाई रजवाहे जो कि नगर के उत्तर तथा उत्तर-पश्चिम को जाते हैं वायुसेना हवाई अड्डा (वर्जित क्षेत्र) जो नगर के साथ उत्तर-पश्चिम की ओर लगता है लगभग 12 हैक्टेयर नगर के उत्तर पश्चिम में ऊंचा नीचा है । नगर में कुछ स्थानीय क्षेत्र बाढ़ग्रस्त है जिनकी निकासी भूमि के लैवल से संभव नहीं है । स्थल की वर्तमान स्थिति वर्तमान एयरफोर्स स्टेशन के उत्तर पूर्व की दिशा में विशेष तौर पर बरनाला सड़क के साथ साथ ऊंचा तथा कम उपजाऊ माना गया है इसीलए नगर की बढ़ोतरी के लिए यह क्षेत्र ठीक माना गया है ।

1.6 भूमिजल स्तर

जैसा कि भूमिगत पानी खारा है और मनुष्य के उपभोग के योग्य नहीं है । जल वितरण नहरी पानी पर निर्भर है । यद्यपि घग्गर नदी के साथ साथ कुछ मीठा पानी प्राप्त है जो कि नगर के कुछ क्षेत्र की जल सप्लाई के लिए इस्तेमाल किया जाता है लेकिन भूमि के नीचे का मीठा पानी की गुणवत्ता की स्थिति खराब होती जा रही है जो नगर की क्षमता को भी पूरा नहीं करता । केवल उथले जल में नलकूप इस मीठे पानी को बाहर लाने के लिये लगाये जा सकते हैं परन्तु गर्मियों के मौसम में इसकी कमी पड़ जाती है ।

2.1 विद्यमान भूमि उपयोग

सिरसा नगर में पुराना आयोजित नगर, नई मण्डी टाऊनशीप, रेलवे कालोनी तथा दिल्ली हिसार सुलेमान की सड़क के साथ साथ नये निर्माण भी हैं । विभिन्न उपयोगों के अधीन नगर का कुल क्षेत्रफल लगभग 2008 हैक्टेयर है । भिन्न भिन्न भूमि उपयोग के अन्तर्गत नगर के कुल क्षेत्र का 55 प्रतिशत क्षेत्र आता है । जिसका घनत्व 75 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर है । रिहायशी घनत्व 150 से 400 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर के बीच है । नई मण्डी टाऊनशीप के औद्योगिक क्षेत्र डबवाली रोड़ के साथ साथ स्थित होने के कारण मुख्य औद्योगिक कम्पलैक्स इसके पश्चिम तथा उत्तर में बनाया गया है ।

2.2 प्रगति रूझान

वर्तमान औद्योगिक प्रगति रूझान हिसार सड़क पर है । अन्य इस प्रकार के नगरों में भी खुदरा तथा थोक दुकानें मुख्य सड़कों के साथ साथ हैं, परन्तु नई मण्डी टाऊनशीप का विकास आयोजित नगर के विकास का हिस्सा है । इस का विकास रूझान पूर्ण रूप में अलग से अनाजमण्डी की स्थापना जो कि आधुनिक सुविधायें सहित डबवाली सड़क पर स्थापित हैं । नगर का रिहायशी क्षेत्र का मुख्य रूझान बरनाला सडक तथा बेगु सड़क के साथ साथ है ।

2.3 पूर्व आयोजना की चेष्टा तथा नियमित रूप से कस्बे का विकास

अंतिम विकास प्लान 2.25 लाख की आबादी हेतु वर्ष 2001 के लिए तैयार किया गया था जबकि प्रस्तावित भिन्न भिन्न भूमि उपयोग के अन्तर्गत की गई प्रस्तावनाओं 2001 ई0 का ब्यौरा निम्न तालिका में दिया गया है:-

भूमि उपयोग (प्रस्तावनायें) 2001

क्रम संख्या	भूमि उपयोग	नियन्त्रित क्षेत्र के भीतर	नगरपालिका सीमा के भीतर	कुल (हैक्टेयर में)
1	रिहायशी	555.2	792.8	1348.0
2	वाणिज्यक	35.8	98.0	133.8
3	औद्योगिक	204.5	183.0	387.5
4	परिवहन तथा संचार (मुख्य सड़क, बस अड्डा, सहित)	96.5	83.5	180.0
	अन्य, रेलवे सहित	--	77.4	77.4

5	जन उपयोगिता	16.0	23.0	39.0
6	सर्वजनिक तथा अर्धसार्वजनिक उपयोग	157.4	62.0	219.4
7	मुख्य खुले स्थान	97.8	95.6	193.4
	कुल	1163.2	1415.3	2578.5

2.4 राज्य अभिकर्ताओं द्वारा शुरू की गई विकास स्कीमें

मुख्य राज्य अभिकर्ताओं जिनके द्वारा नगर के विकास हेतु सहायक भूमिका निभाई गई, में पूर्व उपनिवेशन विभाग, मार्किटिंग बोर्ड, हरियाणा हाऊसिंग बोर्ड , हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण तथा हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम है । उपनिवेशन विभाग द्वारा पांच रिहायशी योजनायें 169 हैक्टेयर क्षेत्र पर, औद्योगिक योजनायें 50 हैक्टेयर क्षेत्र पर, इसके अतिरिक्त कमर्शियल केन्द्र जो कि टाऊनशिप क्षेत्र की शापिंग आवश्यकतायें पूर्ण करता है, स्थापित किये गये । कृषि बोर्ड द्वारा नगर में अनाज मण्डी का प्रबन्ध किया गया । सैक्टर-20 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 60 हैक्टेयर की रिहायशी शहरी सम्पदा विकसित की गई । इसके अतिरिक्त निकट भविष्य में विकास हेतु 235 हैक्टेयर भूमि का पहले से ही अभिग्रहण किया गया है । हाऊसिंग बोर्ड द्वारा नगर में तीन छोटी रिहायशी कालोनियों को विकसित किया गया है । हरियाणा उद्योग विकास निगम द्वारा हाल ही में 30 हैक्टेयर भूमि को अभिग्रहण करते हुए औद्योगिक सम्पदा हिसार सड़क पर विकसित की जा रही है । लघु सचिवालय तथा पुलिस लाईन्स पहले से ही बरनाला सड़क पर राज्य सरकार द्वारा विकसित की जा चुकी है ।

3. विकास प्रस्तावनायें

3.1 प्लैन की रूप रेखा तथा जनसंख्या के अनुमानित आंकड़े

नगर का विकास रूझान एवं राज्य सरकार की नीति को ध्यान में रखते हुए विकास आयोजना की प्रस्तावना को संशोधित किया जाना आवश्यक हो गया है जिसके लिए विकास प्लैन 2021 ई० तक तैयार किया गया है ।

प्राथमिक अवलोकन में आबादी के आंकड़े दर्शाते हैं कि वर्ष 1971-81 में आबादी में तेजी से वृद्धि हुई है बाद के दशक में आबादी में कम बढ़ोतरी हुई है । यद्यपि वर्ष 1971-81 में आबादी के बढ़ोतरी के कारण वर्ष 1971-81 में नगरपालिका सीमा में इर्द गिर्द क्षेत्र शामिल करना है । इसके अलावा वर्ष 1981-91 में 26.71 प्रतिशत की धीमी गति के कारण अतिरिक्त क्षेत्र का ग्रामीण प्राकृति का होना है । (हरियाणा प्रान्त की ग्रामीण जनसंख्या में 22.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है) जिससे वर्ष 1981-91 में आंकड़े आबादी बढ़ोतरी से नीचे आ गये । वास्तव में वर्ष 1961-71 दशक की दर 46.73 प्रतिशत आबादी में बढ़ोतरी की सही तस्वीर दर्शाती है । नगर के विकास प्रवृति राज्य की आर्थिक नीतियों के सम्पूर्ण ढांचे में अनुप्रमाणित वृद्वि के कारण इसके विस्तार की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए यह महसूस किया गया है कि, इसकी बढ़ोतरी दरं आने वाली अवधि के दौरान ग्रोथ। 50 प्रतिशत से 52 प्रतिशत के बीच होगी ।

तदानुसार जनसंख्या प्रक्षेपण नीचे दिया है :

वर्ष	जनसंख्या
2011	2,55,000 व्यक्ति
2021	3,90,000 व्यक्ति

वर्तमान विभिन्न भूमि उपयोगों के अधीन कुल क्षेत्र का वर्तमान सकल घनत्व तथा आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता पर विचार करते हुए, नगर का सकल घनत्व प्रति हैक्टेयर 100 व्यक्ति मानते हुए 2021 ई० वर्ष तक की 3900 हैक्टेयर क्षेत्र अपेक्षित होगा ।
नगर को भू-आकृति-विज्ञान को ध्यान में रखते हुए तथा इसके इर्द गिर्द का विकास कार्य जो स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा कार्यान्वित किये गये हैं, मुख्य योजनायें जैसा कि लघु सचिवालय कम्पलैक्स, स्टेडियम कम्पलैक्स, सिविल अस्पताल, बस अड्डा, दूसरा जलघर इत्यादि तथा कारगार यातायात पैटर्न द्वारा अधिकतर कार्यात्मक तथा एकरूप सम्मिश्रण देने के लिये नगरीय विकास के विस्तार के सम्बन्ध में पहले ही निर्णय ले लिया है । अब तक पर्याप्त क्षेत्र नगर सीमाओं के भीतर खाली पडे हैं तथा शहरी सम्पदा की बढ़ोतरी बारे ज्यादातर विकास प्लैन की प्रस्तावनायें नगरपालिका सीमा में ही समायोजित की गई हैं ।

3.2 भूमि की आवश्यकता तथा भूमि प्रयोग की प्रस्तावनायें

भूमि के भिन्न भिन्न प्रयोगों की प्रस्तावनायें निम्न आधार पर आधारित है ।

(क) अच्छे रोजगार के अवसर के फलस्वरूप कार्य क्षमता कुल आबादी का वर्ष 2021 ई० तक 33 प्रतिशत होगा ।

(ख) भिन्न भिन्न सैक्टरों के कार्य क्षमता में अनेकता होगी तथा अर्थव्यवस्था में भिन्नता होगी, लेकिन व्यापार की महत्वता रहेगी । कामगार की प्रतिशत कुल कार्य क्षमता का व्यापार तथा औद्योगिक सैक्टाज क्रमश: 30 प्रतिशत तथा25 प्रतिशत मानी गई है ।

(ग) लगभग 40 प्रतिशत औद्योगिक कार्यकर्ता घरेलू उद्योग में लगाई जायेगी और शेष 60 प्रतिशत कार्यकर्ताओं को औद्योगिक क्षेत्र में 60 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर की दर से लगाने की व्यवस्था की गई है ।

(घ) नगर की भविष्य की आबादी को इस प्रकार बांटा जायेगा कि 90 प्रतिशत आबादी रिहायशी क्षेत्र में तथा 10 प्रतिशत वाणिज्य क्षेत्र के फलैट्स में हो ।

(ङ) रिहायशी सैक्टरों की घनत्वता 150 से 250 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर अर्थात औसतन घनत्वता 200 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर के बीच होगी।

भिन्न भिन्न भूमि उपयोग में विकास प्रयोजन की निम्न तालिका दी जाती है :

प्रस्तावित भूमि उपयोग-2021 ई0

(क्षेत्र हैक्टेयर में)

कम संख्या	भूमि उपयोग	नियंत्रित क्षेत्र के भीतर	नगरपालिका सीमा के भीतर	कुल	प्रतिशतता
1	रिहायशी	1182.18	919.32	2101.50	53.64
2	वाणिज्यिक	15.72	118.50	134.22	3.43
3	औद्योगिक	495.12	178.40	673.52	17.19
4	परिवहन तथा संचार (मुख्य सड़क बस अड्डा सहित)	210.90	83.50	294.40	7.52
	रेलवे सहित अन्य	--	77.40	77.40	1.98
5	जन उपयोगितायें	46.00	23.00	69.0	1.76
6	सार्वजनिक तथा अर्धसार्वजनिक उपयोग	219.35	62.00	281.35	7.18
7	मुख्य खुले स्थान	220.14	66.00	286.14	7.3
	कुल	2389.41	1528.72	3917.53	100

I रिहायशी

कुल रिहायशी क्षेत्र 2101.5 हैक्टेयर जो 2021 ई0 में कुल अर्बनाईजेबल क्षेत्र का 53.64 प्रतिशत है, विभिन्न घनत्वता 150 से 250 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर के सैक्टरों में विभाजित किया हुआ है । घनत्वता का तरीका इस विचार से रखा गया है ताकि सौन्दर्य सामाजिक कार्यान्वित के मूल्यांकन का संतुलन हो सके । इस लिए केवल नगर का हिस्सा जो घनी आबादी अर्थात् 400 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर से घिरा हुआ है, को कम करने के उद्देश्य से 250 प्रति हैक्टेयर अर्थात् उचित अंकों पर लाने की प्रस्तावना की गई है ।

II वाणिज्यिक

उपायुक्त सिरसा के रिहायशी स्थान के नजदीक सरकारी भूमि को मध्य केन्द्र मानकर वाणिज्यि क्षेत्र निर्धारित किया गया है । इसके अतिरिक्त दो अन्य वाणिज्य क्षेत्र विकसित करने के लिए आरक्षित किये गये हैं, जिनमें से एक सिरसा हिसार सड़क पर स्टोरेज तथा गोदाम हेतु तथा अन्य लघु सचिवालय के पास जो कि सिटी केन्द्र के रूप में उपयोग किया जायेगा । अतिरिक्त वाणिज्यक भू-खंड के अतिरिक्त अर्थात नई ग्रेन मार्किट तथा सब्जी तथा लक्कड़ मण्डी तथा दो सुनियोजित शापिंग सैन्टर पुराने बस अड्डा के स्थल पर (सरकारी भूमि) तथा पुराने अस्पताल स्थल नगरपालिका भूमि पर विकास कार्य प्रगति पर है । इसके अलावा मार्किट कमेटी सिरसा द्वारा सैक्टर 10 में 20 हैक्टेयर के करीब क्षेत्र में आटो मार्किट के वाणिज्यक क्षेत्र का भी प्रस्ताव किया गया है । जो कि सिटी सैंटर सैक्टर-16 में स्थित है ।

III औद्योगिक

उपनिवेशन विभाग के विकसित क्षेत्र तथा विकास के विद्यमान रूझान की अपर्याप्तता को ध्यान में रखते हुए तीन अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्रों की व्यवस्था की गई है । जैसा कि औद्योगिक विकास का रूझान हिसार सड़क पर है । बड़े औद्योगिक क्षेत्र की व्यवस्था सिरसा-हिसार सड़क पर तथा प्रस्तावित बाई पास के साथ तथा अन्य दो की डबवाली सड़क तथा रानियां सड़क पर की गई है । डबवाली सड़क पर औद्योगिक क्षेत्र में विद्यमान औद्योगिक इकाईयों को भी शामिल किया गया है । हिसार तथा रानिया सड़क पर नये औद्योगिक क्षेत्र में वेयर हाऊसिंग तथा भण्डारण की सुविधायें हैं । रिहायशी तथा औद्योगिक क्षेत्र के बीच मे पर्याप्त हरित पट्टी का प्रावधान किया गया है । औद्योगिक प्रयोग के अन्तर्गत कुल क्षेत्र 673.52 हैक्टेयर जो कि विभिन्न भूमि उपयोग के अधीन कुल क्षेत्र का 17.19 प्रतिशत है, जो कि अब 149.48 हैक्टेयर भूमि एयरफोर्स अथोरिटी द्वारा बढ़ोतरी हेतु अभिग्रहण की गई है ।

IV परिवहन तथा संचार

(i) बस अड्डा

परिवहन विभाग द्वारा सुनियोजित ढंग से 5.83 हैक्टेयर भूमि में सिरसा-हिसार रोड़ पर मुख्य बस अड्डा एवं वर्कशाप का निर्माण किया गया है । प्रस्तावित मुख्य सड़क नेटवर्क प्रणाली तथा बाई पास भविष्य में बसों का आना जाना विनियमित करेगी ।

(ii) मुख्य सड़क प्रणाली

प्रस्तावित बाई पास वी-1 सड़क शहरीकरण क्षेत्र को उत्तर तथा पूर्व में चित्रण करता है । यह डबवाली-हिसार सुलेमानकी सड़क जो कि शहर के अन्दर से गुजरती है, के यातायात की भीड़ को कम करेगा । सिरसा-भटिण्डा रेलवे लाईन पर एक पुल की प्रस्तावना की गई है ताकि शहर में निर्विघ्न प्रवाह हो सके । दूसरा पुल सिरसा-हिसार रेलवे लाईन पर बस अड्डा के नजदीक शहर के दोनों भागों के निर्विघ्न यातायात प्रवाह के लिए प्रस्तावित किया गया है । अन्य मुख्य सड़कें तथा सैक्टर की बाहरी सड़कों की आयोजना ग्रिड पैट्रन के आधार पर की गई है । भिन्न भिन्न सड़कों के अन्तर्गत भूमि आरक्षण का चार्ट नीचे दिया गया है :

वी-1	बाई पास सड़क (वी-1 ए, वी-1 बी)	60 मीटर (विद्यमान चौड़ाई)
वी-2	रिंग सड़क	60 मीटर
वी-3	सैक्टर बाहरी सड़क	30 मीटर

V जन उपयोगितायें

दो जलघर नगर में पहले ही कार्य कर रहे हैं । डबवाली सड़क पर जलघर रेलवे लाईन की दक्षिण-पश्चिमी दिशा की आबादी के लिए आपूर्ति करता है । दूसरा जलघर लगभग 16 हैक्टेयर भूमि में मुख्यत: रेलवे लाईन की उत्तर पूर्वी नई बस्तियों को पानीवितरित करता है। इस जलघर में और बढ़ोतरी के अवसर हैं । तथापि अन्य जलघरों की योजना अवधि के दौरान, आवश्यकता होगी जिस के लिए सैक्टर-24 के उत्तर में 32 हैक्टेयर क्षेत्र का प्रावधान किया गया है । वर्तमान जलमल निकासी जो केलनिया सड़क पर है, को बढ़ोतरी की आवश्यकता है । अत: 20 हैक्टेयर क्षेत्र बढ़ोतरी हेतु प्रस्तावित किया गया है । 10 हैक्टेयर क्षेत्र को कूड़ा करकट सोलिड वेस्ट निकासी हेतु सैदावली सड़क पर प्रस्तावना की गई है । जनस्वास्थ्य प्राधिकारी द्वारा नगर में वर्षा के पानी के निकासी हेतु प्रस्तावना तैयार की जानी है ।

VI सार्वजनिक-अर्धसार्वजनिक प्रयोग

नगर में मुख्य संस्थाओं की स्थिति पुरूषों के लिए नैशनल कालेज, लघु सचिवालय कम्पलैक्स तथा इसके साथ-साथ सार्वजनिक तथा अर्धसार्वजनिक उपयुक्ता के आधार पर व्यवस्था की गई है । इस उद्देश्य से निकट भविष्य में बरनाला सड़क पर 70 हैक्टेयर भूमि आवश्यक संस्थाओं हेतु निर्धारित की गई है । जिला जेल सैक्टर-26 में निर्माण किया गया है ।

VII खुले स्थान

वी-1 बाईपास सड़क के साथ तथा रिहायशी और औद्योगिक क्षेत्र के बीच तथा भम्बुर सिरसा माईनर की हरित पट्टी के अतिरिक्त नगर में विभिन्न स्थानों पर पांच मुख्य खुले स्थानों का प्रावधान किया गया है :-

1. नगर के सेक्टर-5 के दक्षिण-पश्चिम में मिट्टी के बड़े टीलों का क्षेत्र ।
2. भादरा तालाब कम्पलैक्स सेक्टर-4 ।
3. पार्क नजदीक सिटी सैन्टर सैक्टर-15 ।
4. प्रस्तावित सैक्टर-21 और बाईपास के साथ पार्क ।
5. मण्डी टाऊनशिप में स्टेडियम कम्पलैक्स सैक्टर-17 ।

VIII कृषि जोन

बड़े आकार में क्षेत्र कृषि जोन के लिए आरक्षित किया गया है । इस जोन में विद्यमान आबादी देह के साथ लगते क्षेत्र में ऐसी आवश्यक भवन निर्माण को समाप्त नहीं किया जायेगा जो कि सरकार द्वारा अनुमोदित अथवा प्रायोजित तथा कृषि क्षेत्र के रख रखाव एवं विकास के लिए अन्य सुविधाओं के लिए किये जायेंगे । एयरफोर्स स्टेशन के इर्द गिर्द 900 मीटर चौड़ी पट्टी रखी गई है जिसमें कि कोई भी निर्माण कार्य बिना रक्षा प्राधिकरण की अनुमति से नहीं हो सकता ।

अंचल विनियमन:

भूमि उपयोग से संबंधित प्रस्तावनाओं की कानूनी वैद्यता, आंचलिक विनियमों द्वारा प्रदान की जा रही है, जो इस विकास प्लैन का हिस्सा है । इन विनियमों द्वारा भूमि के उपयोग में परिवर्तन तथा विकास के मानको पर नियंत्रण किया जायेगा । इस में उन सम्बद्ध तथा

गौण भू-उपयोगों का विस्तृत ब्यौरा दिया जायेगा,जो विभिन्न मुख्य भूमि उपयोगों में अनुमत होंगे तथा नियत किया जायेगा कि सभी भूमि उपयोग परिवर्तन तथा विकास सैक्टर प्लैन में दर्शाये गये ब्यौरे के अनुसार होंगे यथानुसार यह सुनिश्चित किया जायेगा कि विकास दिशा तथा उचित नियंत्रण लागू करने के लिए प्रत्येक सैक्टर के लिए विस्तृत सैक्टर प्लैन तैयार किये जायें ।

अनुबन्ध ख

अंचल विनियम

सिरसा नियंत्रित क्षेत्र में भूमि का उपयोग तथा प्रारूप विकास ड्राईंग संख्या डी.टी.पी (एस.आर) 626/03 दिनांक 11 अगस्त, 2003 में दर्शाये गये अनुसार ।

I- सामान्य

1 सिरसा नियंत्रित क्षेत्रों के लिए विकास योजना का भाग बनने वाले इन अंचल विनियमों को सिरसा के नियंत्रित क्षेत्रों की विकास योजना अंचल विनियम कहा जायेगा ।

2 ये विनियम विकास योजना में शामिल समूचे क्षेत्र के लिए होंगे और पंजाब अनुसूचित सड़कें तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम, 1963 (1963 का 41), और उसके अधीन बनाये गये नियमों की आवश्यकता के अतिरिक्त होगें ।

II. परिभाषायें

इन विनियमों मे;

(क) ''अनुमोदित'' से अभिप्राय है नियमों के अन्तर्गत अनुमोदित;

(ख) ''भवन नियमों'' से अभिप्राय हैं, नियमों के भाग-VII में निहित नियम;

(ग) ''ड्राईंग'' से अभिप्राय है, ड्राईंग संख्या-डी.टी.पी (एस.आर) 626/03 दिनांक 11 अगस्त, 2003.

(घ) ''फर्श क्षेत्र अनुपात (फ0क्षे0अनु0)'' से अभिप्राय है, किसी भवन की सभी मंजिलों के कुल फर्श और स्थल के कुल क्षेत्र के बीच प्रतिशतता में दर्शाया गया अनुपात;

(ड.) ''वर्ग आवास'' से अभिप्राय है, रिहायशी प्रयोजन के लिए फलैट के रूप में डिजाईन किये गये भवन या अनुषंगी अथवा सम्बद्ध भवन होंगे, जिनमें सामाजिक सुविधायें, सार्वजनिक सुविधायें और जन उपयोगितायें शामिल हैं, जो निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा द्वारा निर्धारित और अनुमोदित हों;

(च) ''हल्के उद्योग'' से अभिप्राय है, ऐसे उद्योग जिसके कारण हानिकारक या आपत्तिजनक शोर, धुआं, गैस, भॉप या गन्ध धूल, मलनिस्त्राव और अन्य अत्यधिक डिग्री का प्रदूषण न हो और बिजली द्वारा चालित हों;

(छ) ''स्थानीय सेवा उद्योग'' से अभिप्राय है, ऐसा उद्योग जिसका विनिर्मित माल और उत्पादन प्राय: स्थानीय क्षेत्र के भीतर इस्तेमाल किया जाता हो, उदाहरणार्थ बेकरियां, आईसक्रीम, विनिर्माण, वातित जल, बिजली से चलने वाली आटे की चक्कियां, लोंड्री, ड्राईक्लीनिंग और रंगाई, स्वचालित गाड़ियों, स्कूटर तथा साईकलों की मुरम्मत तथा सर्विस, घरेलू बर्तनों की मुरम्मत, जूते बनाना और उनकी मुरम्मत, ईधन डिपो आदि बशर्ते कि उन द्वारा किसी ठोस ईधन का प्रयोग न किया जाता है;

(ज) ''मध्यम उद्योग'' से अभिप्राय है, हल्के उद्योग तथा स्थानीय सेवा उद्योग के अलावा सभी उद्योग और जो खतरनाक गंध तथा दुर्गन्ध न फैलाते हों;

(झ) ''व्यापक उद्योग'' से अभिप्राय है, ऐसा उद्योग जो सरकार की अनुमति से स्थापित किया जाये और जो व्यापक हो, जिसमें 100 से अधिक कामगार नियुक्त हों, जिसमें ईधन चालित शक्ति का प्रयोग किया जाये बशर्ते कि इसमें किसी प्रकार से हानिकारक तत्व न हो;

(ञ) ''भारी उद्योग'' से अभिप्राय है, सरकार की अनुमति से सरकारी या अर्धसरकारी या निजी क्षेत्र में स्थापित किया गया उद्योग (मशीनरी इत्यादि की लागत जैसे कि सरकार की उद्योग नीति में परिभाषित हो)

(ट) ''हानिकारक या खतरनाक उद्योग'' से अभिप्राय है सरकार की अनुमति से स्थापित किया गया उद्योग और जिसमें अत्यधिक पूंजी लगी हो। जिसमें अत्यधिक धूआं, शोर, स्पन्दन, दुर्गन्ध, अप्रिय या हानिकारक मलनिस्त्राव, विस्फोटक, ज्वलनशील सामग्री इत्यादि और समुदाय के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अन्य खतरनाक तत्व शामिल हों;

(ठ) "वास्तविक तिथि" से अभिप्राय है, नीचे वर्णित विभिन्न घोषित नियंत्रित क्षेत्रों की अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि-

क्रम संख्या	नियंत्रित क्षेत्र का नाम एवं अधिसूचना संख्या	वास्तविक तिथि
1	हरियाणा सरकार अधिसूचना संख्या 3870-2टी.सी.पी- 76/ 31809 दिनांक 22 सितम्बर, 1976, 28 सितम्बर, 1976 को राजपत्र में प्रकाशित तथा	28 सितम्बर, 1976

	संशोधित अधिसूचना संख्या 10 डी.पी.-82/932 दिनांक 20 जनवरी, 1982 द्वारा जारी तथा 9 मार्च, 1982 को प्रकाशित, अधिसूचित नियंत्रित क्षेत्र	

(ड) नियंत्रित क्षेत्र में किसी भूमि अथवा भवन के संबंध में ''अननुरूप उपयोग'' से अभिप्राय है, ऐसी भूमि अथवा भवन का वर्तमान उपयोग जो विकास योजना में क्षेत्र के उस भाग के लिए निर्दिष्ट मुख्य भूमि उपयोग के विपरीत हो;

(ढ़) ''सार्वजनिक उपयोगिता सेवा भवन'' से अभिप्राय है, ऐसा भवन जो सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं के लिए अपेक्षित हो, जैसा जल सप्लाई, जल निकास, बिजली, डाक तथा तार एवं परिवहन तथा दमकल केन्द्र सहित कोई नगरपालिका सेवा;

(ण) ''नियमों'' से अभिप्राय है, पंजाब अनुसूचित सड़कें तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन नियम 1965;

(त) ''सैक्टर सघनता और कॉलोनी सघनता'' से अभिप्राय है उस सैक्टर क्षेत्र तथा कॉलोनी क्षेत्र में जैसी भी स्थिति हो, प्रति एकड़ व्यक्तियों की संख्या;

(थ) ''सैक्टर क्षेत्र अथवा कॉलोनी क्षेत्र'' से अभिप्राय है, सैक्टर या कॉलोनी का क्षेत्र जोकि मानचित्र पर दिखाये अनुसार मुख्य सड़क प्रणाली से प्रतिबन्ध हो;

व्याख्या

1 सैक्टर और कालोनी के मामले में कालोनी के अनुमोदित अभिविन्यास योजना पर कालोनी का क्षेत्रफल इसमें सैक्टर के चारो ओर मुख्य सड़कों के अन्तर्गत आने वाली 50 प्रतिशत भूमि शामिल है और मुख्य सड़क प्रणाली के अन्तर्गत आने वाली भूमि तथा सैक्टर या कालोनी में, जैसी भी स्थिति हो, भवन विकास के लिए अनुपयुक्त क्षेत्र शामिल नहीं है ।

2 ''सैक्टर सघनता'' या ''कालोनी सघनता'' की गणना के प्रयोजनार्थ यह परिकल्पित होगा कि सैक्टर क्षेत्र या कालोनी क्षेत्र या कालोनी क्षेत्र का 55 प्रतिशत रिहायशी प्लाटों के लिए उपलब्ध होगा जिसमें वर्ग आवास के अन्तर्गत आने वाला क्षेत्र शामिल होगा और प्रत्येक भवन प्लाट में औसतन तीन आवासीय इकाईयां होंगी अथवा प्रत्येक इकाई 4.5 व्यक्ति की जनसंख्या से प्रत्येक भवन प्लाट में 13.5 व्यक्ति रह सकेंगे अथवा जो कि कालोनी / वर्ग आवास काम्पलैक्स की अंचल योजना में संभावित है। तथापि दुकान एवं रिहायशी प्लाट के मामले में केवल एक आवासीय इकाई की परिकल्पना की जायेगी।

(द) ''स्थल आच्छादन'' से अभिप्राय है, भूतल पर नियमिल क्षेत्र और स्थल के बीच प्रतिशतता द्वारा दर्शाया गया अनुपात;

(ध) ''अधिनियम'', ''कालोनी'', ''उप-निवेशक'', ''विकास योजना'', ''सैक्टर'' और ''सैक्टर योजना'' शब्दों का वही अर्थ होगा जो पंजाब अनुसूचित सड़कें तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम, 1963 (1963 का अधिनियम 41) और नियम 1965 में उनको दिया गया है;

(न) ''फार्म गृह'' से अभिप्राय हैं, किसी फार्म के स्वामी द्वारा अपनी भूमि पर निम्नलिखित प्रयोजनार्थ निर्मित घर है-

(i) निवास यूनिट अर्थात् मुख्य उपयोग; तथा

(ii) फार्म छायाबान अर्थात् गौण उपयोग।

टिप्पणियां

(1) फार्म गृह का निर्माण ''ग्रामीण / कृषि अंचल में आबादी से बाहर फार्म गृहों की व्यवस्था'' संबंधी खण्ड के अन्तर्गत दिये गये प्रतिबन्ध शासित होगा;

(2) फार्म शैड, ''भवन नियंत्रण और स्थल विशिष्टियों'' संबंधी खंड में उल्लिखित प्रतिबन्धों द्वारा शासित होंगे।

(प) ''टांड या पुश्तवान'' से अभिप्राय है, स्वयं कमरे के अन्दर खम्भे के अतिरिक्त किसी भी प्रकार से आदृत एक खाने जैसा उभार, परन्तु जिसका उभार एक मीटर से अधिक चौड़ा न हो;

(फ) ''अटारी'' से अभिप्राय है, सामान्य फर्श से ऊपर अधिकतम 1.5 मीटर की ऊँचाई ढलुआ छत में शेष बचे स्थान पर मध्यवर्ती फर्श, जो भंडारण प्रयोजन हेतु निर्मित करवाई जाती है अथवा अपना लीं जाती है;

(ब) ''परछती तल'' का अभिप्राय है, भूतल के ऊपर मध्यवर्ती तल जिसमें परछती उस तल के क्षेत्रफल का 1/3 तक सीमित होती है तथा जिसमें भूमि की सतह से ऊपर कम से कम 2.2 मीटर ऊँचाई हो;

(भ) ''कृषि उपयोग साधन'' से अभिप्राय होगा, ऐसा विकास तथा गतिविधियां, जो कृषि संबंधी कार्यो को करने में सहायक रूप में अपेक्षित है, जैसे कि नलकूप, पम्प, चैम्बर, वायु चक्की, सिंचाई, नाले, पक्के प्लेटफार्म, बाढ़ लगाना तथा चारदीवारी बनाना, जल नलके आदि;

(म) ''ग्रामीण उद्योग स्कीम'' से अभिप्राय है, ऐसा औद्योगिक इकाई जो उद्योग विभाग द्वारा ग्रामीण उद्योग स्कीम के अन्तर्गत पंजीकृत हो:

(य) ''लघु उद्योग'' से अभिप्राय है, एक ऐसा औद्योगिक इकाई जो उद्योग विभाग द्वारा लघु उद्योग के रूप में पंजीकृत हो;

(य क) ''कृषि आधारित उद्योग'' से अभिप्राय है, एक ऐसा औद्योगिक यूनिट, जो खाद्यान्न, फलों या कृषि संबंधी कचरे का उपयोग कच्चे माल के रूप में करता है;

(य ख) अन्य शब्दों का वही अर्थ होगा, जो पंजाब अनुसूचित सड़कें तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम 1963 एवं नियम, 1965 में है;

(य ग) ''सूचना प्रौद्योगिकी औद्योगिक इकाई'' अर्थात् हरियाणा सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी नीति 2000 के अनुबन्ध में शामिल उद्योगों की श्रेणी तथा इस अधिसूचना के अनुबन्ध-1 में तथा/ अथवा जो हरियाणा सरकार द्वारा समय-समय पर परिभाषित किया जाये;

(य घ) ''साईबर पार्क/सूचना प्रौद्योगिकी पार्क'' अर्थात वह क्षेत्र जो अनन्य साफटवेयर विकास सम्बन्धी क्रियाकलाप एवं सूचना प्रोद्योगिकी को समर्थ बनाने वाली सेवाओं को अवस्थित करने के लिए विकसित हों, इसमें किसी भी प्रकार के उत्पादन (असैम्बलिंग क्रियाकलापों सहित) की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

(य ड.) ''साईबर सिटी'' अर्थात परिपूर्ण शहर जिसमें मूलभूत ढांचा अति उच्चतम गुणवत्ता का हो, उत्तम परिस्थिति तथा अति गति की संचार प्रणाली के पहुंच उपलब्ध हो, जिससे सूचना प्रौद्योगिकी विंचार नाभिक हो तथा इससे मध्यम तथा भारी साफटवेयर कम्पनियां तथा सूचना प्रौद्योगिकी को समर्थ बनाने वाली सेवाओं की कम्पनियां अंकुरित हों जिसमें उत्पादन करने वाली ईकाईयों को अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।

III- मुख्य भूमि उपयोग/अंचल

(i) रिहायशी अंचल
(ii) वाणिज्यिक अंचल
(iii) औद्योगिक अंचल
(iv) परिवहन तथा संचार अंचल
(v) सार्वजनिक तथा अर्धसार्वजनिक अंचल (संस्थागत अंचल)
(vi) जनउपयोगिता अंचल
(vii) खुले स्थान
(viii) कृषि अंचल

(2) मुख्य भूमि का वर्गीकरण परिशिष्ट क के अनुसार है।

IV सैक्टरों में विभाजन

उपर्युक्त विनियमन-III में क्रमांक-(i) से (vii) पर वर्णित मुख्य भूमि उपयोग, जो भवन परियोजनार्थ भूमि उपयोग है, उन्हें दर्शाये अनुसार सैक्टरों में विभाजित किया गया है, इन सैक्टरों की मुख्य सड़कों के आरक्षण द्वारा हदबन्दी की हुई है और प्रत्येक सैक्टर को ड्राईंग में दिखाये अनुसार एक निश्चित संख्या दी गई है;

V मुख्य उपयोगों में भूमि उपयोग संबंधी ब्यौरे

मुख्य, सहायक एवं गौण उपयोग के लिए इन विनियमों / नियमों को अन्य उपेक्षाओं के अन्तर्गत संबंधित मुख्य भूमि उपयोग अंचल में अनुमति दी जा सकती है, उनकी सूची परिशिष्ट ख पर दी गई है जो इन विनियमों के साथ जोड़े गये है ।

VI विकास के लिए अनुपयुक्त सैक्टर

विभिन्न सैक्टरों में भवन परियोजनार्थ संबंद्ध उपयोग के लिए आरक्षण होने पर भी निदेशक, नियंत्रित क्षेत्र के सघन एवं किफायती विकास के दृष्टिगत किसी प्रकार के परिवर्तन के लिए अथवा उस पर किसी भवन के निर्माण के लिए अनुमति तब तक नहीं देगा जब तक जल सप्लाई, जल मल निकास व्यवस्था तथा अन्य सुविधायें, इन सैक्टरों में, उसकी तसल्ली तक सुनिश्चित रूप में उपलब्ध नहीं हो जाती।

VII सरकारी उद्यमों के माध्यम से विकसित किये जाने वाले सैक्टर

(1) वाणिज्यिक जोन एवं संस्थागत अंचल के लिए आरक्षित सैक्टरों में भूमि उपयोग परिवर्तन एवं विकास केवल सरकार अथवा सरकारी उपक्रम अथवा इस संबंध में सरकार द्वारा अनुमोदित सरकारी प्राधिकरण के माध्यम से किया जायेगा और इन सैक्टरों में किसी कालोनी के विकास की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(2) उपर्युक्त उपबंध (1) के अलावा भी सरकार किसी भी समय स्वयं या उपर्युक्त एजेसियों द्वारा विकास हेतु किसी अन्य सैक्टर को आरक्षित कर सकती है।

VIII मुख्य सड़कों के लिए भूमि आरक्षण

(1) ड्राईंग में चिन्हित की गई मुख्य सड़कों के लिए भूमि का आरक्षण निम्न प्रकार से किया जायेगा:

कम संख्या	वर्गीकरण	सड़कें	आरक्षित भूमि
1	वी-1	बाईपास सड़क	60 मीटर
2	वी-1 (ए)	डी.एच.एस रोड़ (नगरपालिका सीमा के भीतर)	वर्तमान चौड़ाई
3	वी-1 (बी)	बरनाला रोड़ (नगरपालिका सीमा के भीतर)	वर्तमान चौड़ाई
4	वी-2	रिंग रोड़	60 मीटर
5	वी-3	सैक्टर बाहरी सड़क	30 मीटर

(2) अन्य सड़कों की चौड़ाई और सीधाई सैक्टर प्लान के अनुसार अथवा कालोनियों की अनुमोदित अभिविन्यास योजना के अनुसार होगी ।

IX औद्योगिक अननुरूप उपयोग

विकास योजना में औद्योगिक जोन से भिन्न जोन में दिखाये गये वर्तमान उद्योगों के संबंध में निदेशक द्वारा निर्धारित की जाने वाली नियत अवधि के लिए औद्योगिक अननुरूप उपयोग जारी रखने की अनुमति दी जा सकती है। किन्तु ये अवधि दस वर्ष से अधिक नहीं होगी बशर्ते कि सम्बद्ध उद्योग स्वामी:

(क) उस स्थल को निदेशक द्वारा निर्धारित बाह्य विकास के लिए निर्धारित अनुपातिक प्रभारों को देने का वचन देता है जब उसे ऐसा करने के लिए कहा जायेगा।

(ख) अंतरिम अवधि के दौरान निदेशक की संतुष्टि के अनुसार मल निकास के लिए संतोषजनक व्यवस्था करें, एवं

(ग) अननुरूप उपयोग के क्षेत्र में किसी प्रकार के विस्तार की अनुमति नहीं होगी।

X अननुरूप उपयोग बन्द करना

(1) यदि किसी भूमि का अननुरूप उपयोग दो वर्ष या इससे अधिक अवधि के लिए लगातार बन्द रहा हो तो उसे समाप्त हुआ समझा जायेगा और अनुमत उपयोग के अनुसार ही भूमि के पुनःउपयोग या पुनःविकास की अनुमति दी जायेगी।

(2) यदि अननुरूप उपयोग भवन, आग, बाढ़, विस्फोट, भूकम्प, लड़ाई, दंगा या किसी अन्य प्राकृतिक आपदा से पुनःउत्पादन मूल्य के 50 प्रतिशत या इससे अधिक क्षतिग्रस्त हो जाता है तो उसे केवल अनुमत उपयोग के लिए पुनःविकसित करने की अनुमति दी जायेगी।

(3) विनियम IX के अन्तर्गत नियत अवधि के समाप्त होने के बाद ऐसी भूमि केवल अनुमत उपयोग के लिए पुनःविकसित करने या उपयोग में लाने की अनुमति दी जायेगी।

XI सैक्टर योजना और आंचलिक योजना के अनुरूप विकास

विनियम-IX में प्रावधान को छोड़कर कोई मुख्य भूमि उपयोग जिसमें भूमि विद्यमान है, को भवन निर्माण परियोजनार्थ उपयोग और विकसित करने की अनुमति नहीं दी जायेगी जब तक कि प्रस्तावित उपयोग और विकास, सैक्टर योजना और आंचलिक योजना अथवा अनुमोदित कालोनी योजना में दिखाये गये ब्यौरे के अनुसार न हो।

XII अनुमोदित अभिविन्यास या आंचलिक योजना का भाग बनने वाले विशिष्टि स्थल

प्लाट पर भवन निर्माण या पुनःनिर्माण की अनुमति तब तक नहीं दी जायेगी जब तक कि-

(i) प्लाट अनुमोदित कालोनी का भाग न हो या प्लाट ऐसे क्षेत्र में न हो, जिसके लिए विनियम XVII में उपबन्धित अनुसार छूट दी गई है; तथा

(ii) निदेशक की संतुष्टि अनुसार प्लाट तक सड़क की व्यवस्था हो या सड़क बनी हो।

XIII विभिन्न प्रकार के भवनों के प्लाटों का न्यूनतम आकार

(1) विभिन्न प्रकार के भवनों के लिए प्लाटों के न्यूनतम आकार निम्न अनुसार होंगें:-

(i)	रिहायशी प्लाट	50 वर्ग मीटर
(ii)	सरकार द्वारा अनुमोदित आर्थिक सहायता प्राप्त औद्योगिक आवास या गन्दी बस्तियों में रहने वालों के लिए आवास स्कीम में रिहायशी प्लाट	35 वर्ग मीटर
(iii)	दुकान एवं रिहायशी प्लाट	100 वर्ग मीटर

(iv) शापिंग बूथ जिनमें सामने बरामदा या पत्थर व ईंट का पैदल मार्ग शामिल हो 20 वर्ग मीटर
(v) स्थानीय सेवा उद्योग प्लाट 100 वर्ग मीटर
(vi) हल्के उद्योग प्लाट 250 वर्ग मीटर
(vii) मध्यम उद्योग प्लाट 8000 वर्ग मीटर

(2) वर्ग आवास स्कीम के अन्तर्गत न्यूनतम क्षेत्र 5 एकड़ होगा, यदि वह लाईसैंस प्राप्त कालोनी का भाग है और यदि यह स्वतंत्र रूप से विकसित किया जाता है, 10 एकड़ होगा।

XIV विभिन्न प्रकार के भवनों के अन्तर्गत आच्छादित क्षेत्र, ऊँचाई और आकार

स्वतन्त्र रिहायशी और औद्योगिक प्लाट पर बनाये जाने वाले भवनों का निर्मित क्षेत्र और ऊँचाई नियमों के अध्याय (vii) में उल्लेखित उपबन्धों के अनुसार होगी। अन्य वर्गों के मामले में विनियम (xvi) के अन्तर्गत लगाये जाने वाले वास्तुकला नियन्त्रण के अनुसार अधिकतम निर्मित क्षेत्र और फर्श क्षेत्र अनुपात निम्नानुसार होगा:-

क्रमांक	उपयोगिता किस्म	भूमितल मन्जिल का अधिकतम निर्मित क्षेत्र	अधिकतम फर्श क्षेत्रफल अनुपात	विशेष कथन
1	वर्ग आवास	35 प्रतिशत	175	
2	सरकारी कार्यालय	25 प्रतिशत	150	
3	वाणिज्यिक			
	(क) एकीकृत निगमन	40 प्रतिशत	150	सैक्टर के कुल प्लाट क्षेत्र का हिसाब लगातें समय वाणिज्यिक क्षेत्र के कुल क्षेत्र को प्लाट योग्य क्षेत्र के रूप में समझा जाना है।
	(ख) व्यक्तिगत स्थल	100 प्रतिशत	300	इस सैक्टर के कुल प्लाट क्षेत्र की गणना के लिए उस वाणिज्यिक क्षेत्र के कुल प्लाट का जिसमें यह योजना बनाई गई है, केवल 35 प्रतिशत क्षेत्र प्लाट योग्य क्षेत्र के रूप में समझा जाये ।
4	भांडागर	75 प्रतिशत	150	-

ध्यान देने योग्य:-

भूगत तल आंचलिक योजना में अनुमोदित अनुसार अनुमत होगा। भूगत तल भण्डारण प्रयोजन के लिये उपयोग नहीं किया जायेगा ।

XV भवनों की अगली ओर पिछली ओर व भुजा की ओर भवन पंक्ति

यह नियम संख्या 51, 52 तथा 53 में उपबन्धित अनुसार होगी ।

XVI वास्तुकला संबंधी नियंत्रण

प्रत्येक भवन नियम 50 के अन्तर्गत बनाये वास्तुकला संबंधी नियंत्रण के अनुरूप होगा।

XVII कृषि अंचल में भूमि उपयोग में ढील

कृषि अंचल में पड़ी किसी भूमि के मामले में सरकार इस विकास योजना के उपबन्ध में निम्नलिखित हेतु ढील दे सकती है:-

(क) भूमि के आवासीय अथवा औद्योगिक उपनिवेशन में उपयोग एवं विकास के लिए बशर्ते कि उपनिवेशक ने यह भूमि वास्तविक तिथि से पहले उक्त उपयोग एवं विकास के लिए खरीदी हो और उपनिवेशक नियमानुसार इस प्रयोजन के लिए अनुमति प्राप्त करता है।

(ख) व्यक्तिगत स्थल के रूप में भूमि के उपयोग के लिए (औद्योगिक कालोनी से भिन्न)

बशर्ते कि:-

(i) वास्तविक तिथि से पूर्व भूमि खरीदी गई हो;
(ii) सरकार को इस बात से संतुष्टि है कि उद्योग की आवश्यकता इस प्रकार की है कि उपयुक्त अंचल में वैकल्पिक स्थल के नियतन की प्रतीक्षा नहीं की जा सकती;
(iii) भू-स्वामी, यथा अपेक्षित नियमों के अन्तर्गत भवन निर्माण के लिए अनुमति प्राप्त करता है; एवं

(iv) भू-स्वामी, निदेशक द्वारा निर्धारित अनुपातिक प्रभार जब भी कभी मांग की जाये, अदा करने की प्रतिज्ञा करता है और अंतरिम अवधि में मल निकास की संतोषजनक व्यवस्था करता है।

व्याख्या:- इस विनियम में शब्द क्रय (खरीद) का अभिप्राय पूर्ण स्वामित्व अधिकारों को प्राप्त करना है तथा न कि पट्टानामा या क्रय हेतु इकरारनामा आदि ।

XVIII सघनता

प्रत्येक आवासीय सैक्टर इसके लिए ड्राईंग में दर्शायी एवं निर्धारित सैक्टर सघनता के अनुसार विकसित किया जायेगा परन्तु सैक्टर की विहित सघनता में किसी भी ओर अधिक से अधिक 20 प्रतिशत की विभिन्नता की अनुमति होगी।

XIX कृषि जोन / ग्रामीण जोन में आबादी देह के बाहर फार्म हाउस की व्यवस्था

ग्रामीण जोन में आबादी देह के बाहर फार्म हाउस की अनुमति यदि निम्नलिखित शर्तों पर दी जाये, यदि भूमि का क्षेत्र दो एकड़ या इससे अधिक हो:-

	फार्म का आकार	आवासीय इकाई का भूतल पर अधिकतम निर्मित क्षेत्र (मुख्य भवन)	फार्म छायावान के लिए भूमि तल पर अधिकतम निर्मित क्षेत्र (अनुषंगी भवन)
(i) निर्मित क्षेत्र	2 एकड़	100 वर्गमीटर	फार्म की भूमि का एक प्रतिशत (मजदूरों / नौकरों के क्वार्टरों के लिए 40 प्रतिशत से अधिक का उपयोग नहीं किया जायेगा)
प्रत्येक अतिरिक्त 0.25 एकड़ भूमि के लिए मुख्य भवन के हेतु 10 वर्गमीटर परन्तु अधिकतम 200 वर्गमीटर			
		<u>अधिकतम ऊंचाई</u>	
		मुख्य भवन इकाई	अनुषंगी भवन
(ii) ऊंचाई तथा मंजिल		6 मीटर एक मंजिल	4 मीटर एक मंजिल

(iii) दूरी:

कृषि भूमि के सभी किनारों से कम से कम 15 मीटर दूर बशर्ते कि यदि फार्म हाऊस से संबंद्ध भूमि सड़क के साथ लगती है तो गृह का निर्माण सड़क के किनारे से कम से कम निम्नलिखित दूरी पर किया जायेगा:-

(क) जहां सड़क अनुसूचित सड़क का बाईपास है 100 मीटर

(ख) जहां सड़क अनुसूचित सड़क है 30 मीटर

(ग) कोई अन्य सड़क 15 मीटर

(iv) पहुँच सड़क

(क) फार्म की पहुँच सड़क कम से कम 13.5 मीटर (45 फुट) चौड़ी होगी।

(ख) यदि पहुँच सड़क एक से अधिक फार्मो के लिए हो तो कम से कम 18.30 मीटर (60 फुट) चौड़ी होना चाहिए।

(v) तहखाना

अधिकतम भूतल आच्छादन सीमा तक तहखाने के लिए अनुमति दी जायेगी, परन्तु तहखाने में शौचालय और स्नानगृह बनाने की अनुमति नहीं होगी।

(vi) पुश्तवान, अटारी तथा परछत्ती तल

पुश्तवान, अटारी और परछती तल की अनुमति भवन के भीतर उक्त प्रतिबन्धों और भाग-II में दी गई परिभाषा में दिये गये, प्रतिबन्धों के अन्तर्गत दी जायेगी।

(vii) सेवायें-जल आपूर्ति तथा जल निकास

(क) यदि फार्म गृह का निर्माण किया जाता है तो फार्म में मानव उपयोग के लिए अच्छी पीने योग्य जल आपूर्ति उपलब्ध होनी चाहिए।

(ख) डेरी फार्म के मामले में छायावान की सफाई हेतु खुली मल निकास नालियां अथवा ढकी हुई नालियों का प्रबन्ध किया जाये, सभी भवनों के मामले में वर्षा के पानी के निकास हेतु नालियों की व्यवस्था की जानी है।

(ग) नियमों के उपबन्धों के अनुसार मनुष्य और पशुओं के मल निस्तारण के लिए मलाश्य की व्यवस्था की जाये।

(घ) मलाश्य और खुले कुएं अथवा नलकूप के बीच दूरी नियमों में उपबन्धित अनुसार होगी।

सरकार ग्रामीण अंचल के उचित उपयोग के लिए राज्य सरकार / राज्य सरकार अभिकरण द्वारा प्रायोजित किसी स्कीम के लिए फार्म के न्यूनतम आकार में संशोधन कर सकती है।

(XX) विकास योजना में ढील:

सरकार अत्यन्त कठिनाई की दशा में अथवा वास्तविक तिथि से पूर्व निर्मित किसी ढांचे को बचाने की दृष्टि से विकास प्रभारों के भुगतान पर और ऐसी अन्य शर्तों पर वह लगाना उचित, समझे, समान तथा न्याय के सिद्धान्त पर विकास योजना के किसी भी उपबन्धों में ढील दे सकती है।

(XXI) सूचना प्रौद्योगिकी इकाईयां एवं साईबर पार्क / साईबर सिटी के लिए उपबन्ध:-

(i) अवस्थिति

(क) सूचना प्रौद्योगिकी इकाईयां केवल औद्योगिक क्षेत्र / औद्योगिक अंचल में अवस्थित होंगी।

(ख) साईबर पार्क / सूचना प्रौद्योगिकी पार्क एकीकृत विकास के रूप में सड़क वी-1 / एम-1 तथा वी-2 / एम-2 के साथ लगते हुए औद्योगिक / रिहायशी अंचल में अवस्थित होंगे। यद्यपि ऐसे पार्कों में कोई विनिर्माण कर रही इकाईयां अनुज्ञात नहीं होंगी।

(ग) साईबर सिटी- ऐसी सुविधा की अवस्थिति का सरकार द्वारा विनिश्चय किया जायेगा।

(ii) ''आकार''

क्र0सं0	प्रकार	आकार
1	सूचना प्रौद्योगिकी इकाई	1 से 5 एकड़
2	साईबर पार्क / सूचना प्रौद्योगिकी पार्क	5 से 15 एकड़
